# University in News on 30 August 2022

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### दो पालियों में हुई स्नातक प्रवेश परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि की स्नातक प्रवेश परीक्षा की शुरुआत सोमवार से हुई। पहले दिन दो पालियों में बीएलएड व डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

पहली पाली में बीएलएड की प्रवेश परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर एक बजे तक विवि के ओल्ड कैंपस में दो केंद्रों पर हुई। दूसरी पाली में डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा ओल्ड कैंपस में एक केंद्र पर शाम चार से 5:30 बजे तक हुई। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि मंगलवार को सुबह की पाली में बीजेएमसी और दूसरी पाली में बीवीए और बीएफए की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा

#### लखनऊ विश्वविद्यालय में बीजेएमसी और बीवीए-बीएफए की परीक्षा आज



लविवि से परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं। -संवाद

**कल तक भर सकेंगे इंटर के नंबर**

लविवि ने स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन में इंटर के नंबर नहीं भरे हैं, ऐसे अभ्यर्थियों को एक मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन-पासवर्ड का प्रयोग कर इंटर के नंबर ऑनलाइन आवेदन में भर सकते हैं।

### फार्मेसी इंस्टीट्यूट की नई बिल्डिंग का शिलान्यास आज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि में सत्र 2021-22 में शुरू किए गए बीफार्मा व डीफार्मा कोर्सों के बाद विवि प्रशासन अब इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज को अपना भवन देने की कवायद पूरी करने जा रहा है। मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल न्यू कैंपस में 25 करोड़ की लागत से बनी फार्मेसी इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग का शिलान्यास करेंगी।

#### इंजीनियरिंग संकाय की नई बिल्डिंग का भी लोकार्पण करेंगी राज्यपाल

यह बिल्डिंग न्यू कैंपस में इंजीनियरिंग संकाय की नई बिल्डिंग के पीछे बनेगी। इसमें 10 क्लास रूम, 10 लैब, एक मल्टीपरपज हॉल, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब आदि प्रस्तावित हैं। इसका निर्माण दो साल में करने का लक्ष्य है। राज्यपाल न्यू कैंपस स्थित इंजीनियरिंग संकाय की नवनिर्मित बिल्डिंग का भी उद्घाटन करेंगी। तीन मंजिला बनी इस बिल्डिंग में 39 लैब, 28 स्मार्ट क्लास, एक कांफ्रेंस रूम और ऑडिटोरियम भी है। यहां इंजीनियरिंग व फार्मेसी दोनों की कक्षाएं चलेंगी।

## TOI PAGE 3

### Entrance for 7,000 PG seats at LU, colleges from Sept 10

#### Admit Cards Available From Sept 1st Week

Times News Network

**Lucknow:** The centralised entrance test for admission to postgraduate (PG) courses at Lucknow University and its affiliated colleges is likely to be held from September 10-17. The admit cards for the entrance test will be made available in the first week of September.

The entrance test will be held for admission to around 7,000 seats in LU and affiliated colleges that have opted for centralized admissions.

"While there are around 4,000 PG seats in LU, around 2,500 seats are in a dozen affiliated colleges that have opted for University's centralized admission," said an official. He said that the entrance test will be held in two shifts and a detailed schedule will be declared after August 31 which is the last date for PG application.

"The entrance test will comprise 100 objective-type questions to be answered in 90 minutes. Each question will be of 2 marks. There shall be no negative marking," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said that entrance tests will not be conducted in those subjects in which the number of applications is less than the number of seats. If two or more candidates have secured equal marks/rank in the merit Index of entrance test, first preference will be given to the candidate who secures a higher percentage of marks in graduation or equivalent examination, he added.

TOI



LU VC Alok Kumar Rai inspecting a centre during UG test on Monday

#### UG entrance tests begin, 85% appear

Times News Network

**Lucknow:** Lucknow University's undergraduate entrance test began on Monday with Bachelor in Elementary Education (BEEld) test in the first session while the diploma in pharmacy (DPharma) in the second session.

"Attendance percentage was above 85% in both the entrance tests. While for BEEld 662 candidates appeared for the exam, 420 were absent. In the DPharma entrance test, 513 candidates appeared for the exam while 292 were absent," said LU spokesperson Durgesh Srivastava. On Tuesday, tests of BJMC & BVA/BFA will be held.

## NBT PAGE 6

### एलयू : 1175 परीक्षार्थियों ने दी यूजी प्रवेश परीक्षा

**एलयू में यूजी प्रवेश परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 712 ने छोड़ी परीक्षाएं**

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा सोमवार से शुरू हो गईं। एलयू ओल्ड कैम्पस के दो केंद्रों जेके ब्लॉक और साइंस ब्लॉक में परीक्षाएं संपन्न हुईं। पहले दिन दो पालियों में परीक्षा हुई जिसमें पहली पाली की परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। प्रवेश नियंत्रक पंकज माथुर ने बताया कि पहली पाली में बैचलर ऑफ एलिमेंट्री एजुकेशन (बीएलएड) की परीक्षा हुई। परीक्षा में 1082 परीक्षार्थियों में से 662 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 420 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। वहीं दूसरी पाली में डीफार्मा की परीक्षा हुई। शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक हुई परीक्षा में 808 परीक्षार्थियों में से 295 गैर हाजिर रहे। 513 ने शांतिपूर्वक परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू पैटर्न पर हुई। हर पेपर में 100 सवाल पूछे गए।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लखनऊ विश्वविद्यालय : दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा



लवि की प्रवेश परीक्षा में निरीक्षण करने पहुंचे कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय● सौ. लवि

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित बीएएलएड (बैचलर आफ एलीमेंट्री एजुकेशन) और डीफार्मा (डिप्लोमा इन फार्मेसी) में प्रवेश लिए सोमवार को परीक्षा हुई। कुलपति प्रो. आलोक राय ने पहली पाली में परीक्षा स्थल का निरीक्षण भी किया। पहली पाली में बीएएलएड की परीक्षा ओल्ड कैंपस में दो केंद्रों पर हुई। इसमें 662 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 420 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में डीफार्मा में 513 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, 292 अनुपस्थित रहे।

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीएलएड: 820 सीटों पर 662 ने दी परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए शैक्षिक सत्र के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन बीएलएड और डीफार्मा में परीक्षा हुई। दोनों ही परीक्षाओं में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कॉलेजों में बीएलएड की सीटें भरी जानी हैं लेकिन परीक्षा में सीटों की तुलना में 158 कम अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। इसलिए सभी को प्रवेश मिलना तय है।

बीएलएड की 820 सीटों पर 1082 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था लेकिन 662 ने परीक्षा दी, 420 ने परीक्षा छोड़ दी। डीफार्मा में 805 ने आवेदन किया था लेकिन 36% ने परीक्षा छोड़ दी।

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### दो पालियों में हुई डीएलएड प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत सोमवार को प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने परीक्षा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा में पूरी पारदर्शिता का ध्यान रखने का निर्देश दिया। ये परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 11.30 से 1.00 बजे तक विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस मे दो केंद्रो पर हुई। इस दौरान 662 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 420 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली मे डी फार्मा के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें 513 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 292 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।